nandgaon times jan-21-3.qxd 1/21/2026 12:00 AM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2
ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

बुधवार, 21 जनवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 100, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# नितिन नवीन ने भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला

## भाजपा में नवीन युग का आरंभ: पीएम बोले- पार्टी मे मेरे भी बॉस नवीन, नवीन ने राष्ट्रसेवा को राजनीति का लक्ष्य बताया, युवाओं से आह्वान



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक इतिहास में मंगलवार का दिन एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब 45 वर्षीय नितिन नवीन ने देश की सबसे बड़ी पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।
भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं नवीन को अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान कराया, मिठाई खिलाकर बधाई दी और कार्यकर्ताओं के सामने स्पष्ट संदेश दिया कि 'पार्टी के मामलों में अब नितिन नव मेरे बॉस हैं और मैं कार्यकर्ता हूं।' इस प्रतीकात्मक वक्तव्य ने भाजपा की कार्यकर्ता-प्रधान संस्कृति और संगठनात्मक अनुशासन को स्पष्ट रूप से फिर रेखांकित किया। संगठन पर्व के समापन के साथ बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक चले चुनावी प्रक्रिया के बाद नवीन को अध्यक्ष घोषित किया गया। सोमवार को पार्टी में केवल उनका ही नामांकन हुआ था लिहाजा मतदान की जरूरत ही नहीं पड़ी। पदभार ग्रहण करने के बाद नितिन ने प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा की साधना है। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में इस दायित्व को स्वीकार कर रहा हूं और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लगभग 40 मिनट के संबोधन में बार-बार नवीन को 'माननीय' कहकर संबोधित किया और कहा कि नए अध्यक्ष के सामने वह अपनी सरकार और संगठनात्मक प्रयासों का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर रहे हैं। अब वे मेरी भी सीआर लिखेंगे। प्रधानमंत्री के इस बयान को कार्यकर्ताओं ने तालियों के साथ सराहा। मोदी ने कहा कि भाजपा में नेतृत्व बदलता है, लेकिन दिशा और सिद्धांत नहीं बदलते। अध्यक्ष पद केवल संगठन के संचालन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के साथ समन्वय, कार्यकर्ताओं का मनोबल और भविष्य की रणनीति तय करने का भी दायित्व है। उन्होंने भरोसा जताया कि नवीन के ऊर्जावान नेतृत्व में पार्टी



और अधिक सशक्त होगी तथा राष्ट्रसेवा और जनसेवा के अपने संकल्प को नई गति देगी। मोदी ने नए अध्यक्ष को युवा ऊर्जा और संगठनात्मक अनुभव का अनूठा संगम बताया और कहा कि नवीन उस पीढ़ी से आते हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर समाचार सुने और आज एआई जैसे उपकरणों का उपयोग कर रही है। यह परिवर्तनशीलता ही भाजपा की ताकत है। समारोह में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर ङ्क्षसह धामी सहित अनेक वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कहा कि कांग्रेस ने कभी अपने पतन की निष्पक्ष समीक्षा नहीं की, जबकि भाजपा जीत-हार दोनों से सीखती है। उन्होंने 1984 के बाद कांग्रेस की गिरावट का उदाहरण देते हुए कहा कि आत्ममंथन के अभाव ने उसे कमजोर किया। इसके विपरीत, भाजपा हर चुनाव के बाद अपने प्रदर्शन का विश्लेषण कर आगे की रणनीति बनाती है। नितिन नवीन ने विशेष रूप से युवाओं से राजनीति में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कहा कि राजनीति से दूरी समाधान नहीं है। सकारात्मक राजनीति ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार कर सकती है। उन्होंने कहा कि राजनीति सौ मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि मैराथन है, जिसमें धैर्य, निरंतरता और समर्पण की परीक्षा होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि भाजपा में हर मेहनत पर नजर है और समय आने पर हर कार्यकर्ता को उसका उचित स्थान मिलेगा। आगामी विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए नवीन ने बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने सनातन परंपराओं, सांस्कृतिक आस्था और राष्ट्रीय एकता से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष और परिश्रम से हर चुनौती का सामना करेंगे।


### नितिन नबीन बने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्षः सीएम साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने दी बधाई

**रायपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर सीएम विष्णुदेव साय ने बधाई दी है। उन्होंने दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में श्री नबीन का यह कार्यकाल पार्टी को नई गति प्रदान करते हुए राष्ट्रसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करेगा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी उन्हें यशस्वी कार्यकाल की कामना कर बधाई दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री नबीन के कार्यकाल सफल, प्रेरक और स्मरणीय रहने की मंगलकामना करते हुए कहा कि श्री नबीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। श्री नबीन के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी और उनका मार्गदर्शन पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।



# रंग रंगीला फागुन श्याम गुणगान का 14 दिवसीय कार्यक्रम आगामी 02 फरवरी से

### श्याम भरोसे परिवार एवं हनुमान श्याम भक्तों का आयोजन, घर - घर में गूंजेगा श्याम भजन




**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खाटूवाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। फागुन शुक्ल एकादशी को अतुलित बलशाली तीन बाणधारी युवक बर्बरीक ने महाभारत के युद्ध के समय भगवान कृष्ण को अपने शीश का दान देकर उनसे श्याम नाम प्राप्त किया था, श्याम प्रभु कलयुग में हारे के सहारे के नाम से पूजे जाते है। फागुन मास प्रारंभ होते ही श्याम प्रभु के भक्तों के बीच भक्ति भाव एवं भजनों से श्याम प्रभु को रिझाने की श्रृंखला का जागरण हो जाता है, इस वर्ष 2 फरवरी से फागुन मास प्रारंभ हो रहा है। श्री श्याम भरोसे परिवार एवं हनुमान श्याम भक्तों के द्वारा इस फागुन मास के प्रारंभ होने के आगामी दिवस 2 फरवरी से महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक 14 दिवस श्याम प्रभु का गुणगान विभिन्न भक्तों के घरों में करने का निर्णय लिया है। आयोजन का यह दूसरा वर्ष है।

आयोजन समिति के निखिल मिश्रा एवं श्याम शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस 14 दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रि 08:00 बजे से नगर के अलग - अलग भक्तों के निवास पर श्याम प्रभु के भजनों की श्रृंखला 2 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। भजन के दौरान फागुन की मस्ती के साथ इत्र, केशर, गुलाब जल एवम फूलों की होली खेली जायेगी। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी माता - बहनों एवं बंधुओं से धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में खुशी एवं उल्लास का माहौल

## अब तक जिले में 109810 पंजीकृत किसानों से 1294 करोड़ 51 लाख 17 हजार रूपए मूल्य का 5452815.20 क्विंटल धान की खरीदी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी की लहर है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान



खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 109810 पंजीकृत किसानों से 1294 करोड़ 51 लाख 17 हजार रूपए मूल्य का 5452815.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1724437.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में संवेदनशीलतापूर्वक सुनी नागरिकों की समस्याएं


## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे नागरिकों की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुनी। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता देते हुए समाधान करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आधार कार्ड बनवाने, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य चिकित्सा मेला आज

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** आयुष विभाग जिला




मोहला मानपुर अं चौकी द्वारा अं चौकी के मण्डी प्रांगण बाजार चौक में एक दिवसीय आयुर्वेद एवं होम्योपैथी शिविर का आयोजन 21 जनवरी को किया जाएगा। आप सभी से निवेदन हैं की किसी भी प्रकार का शारीरिक व मानसिक उपचार के लिये आवश्य रूप से शिविर का लाभ उठाए।

### कराते खिलाड़ियो ने दिखाया दम-खम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन कमलादेवी राठी महाविधालय में सम्पन्न हुआ



जिसमें कमल कराते अकादमी,कराते स्कूल ममता नगर तुलसीपुर के प्रशिक्षक सेन्साई कमल पूजन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें खिलाडियों ने हिस्सा लियां जिसमं कु.पलक नेमा ने काता में सिल्वर मेडल,फाईट में ब्राउन्स मेंडल, हासिल किया,आदित्य राज देवांगन ने फाईट में ब्राउन्स तथा अर्पण नाथ ने कुमिते (फाईट) में ब्राउन्स मेडल प्राप्त कर शहर को गौरनवित किया है,प्रतियोगिता में कु.काजल यादव,कु.अपूर्वा नाथ ने रेफ्री व जजेस का सराहनीय कार्य किया। उपरोक्त सभी खिलाडियों को शहर के महापौर श्री मधुसुदन जी व नीलू शर्मा अध्यक्ष छ.ग. टूरिज्म बोर्ड ने तथा जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज,सेन्साई कमल पूजन ने आशीर्वाद और बहुत-बहुत बधाईयां दी।

### बजट में स्वदेशी को मिले प्राथमिकता

# ऑनलाइन डिलीवरी व बड़े मल्टी लेवल स्टोर्स पर लगे अतिरिक्त कर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आगामी केंद्रीय बजट को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राजनांदगांव ने सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण सुझाव रखे हैं। कैट ने बजट में स्वदेशी उत्पादों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने, ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने तथा बड़े मल्टी लेवल स्टोर्स की रिटेल बिक्री पर अलग से टैक्स लगाने की मांग की है।

**छोटे व्यापारियों के संरक्षण की मांग**

कैट का कहना है कि वर्तमान में बड़े मल्टी लेवल और कॉर्पोरेट रिटेल स्टोर्स के कारण छोटे और मध्यम व्यापारी दुविधा में हैं। भारी छूट, ऑनलाइन डिलीवरी और टैक्स असंतुलन के चलते स्थानीय व्यापारी प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे हैं।

**ऑनलाइन डिलीवरी पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स की आवश्यकता**

कैट ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएं पारंपरिक व्यापार को नुकसान पहुँचा रही हैं। इसलिए इन सेवाओं पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाया जाना चाहिए, जिससे बाजार में एक जैसा अवसर मिल सके और स्थानीय व्यापार सुरक्षित रह सके।

**बड़े मल्टी लेवल स्टोर्स पर रिटेल टैक्स लगाने की मांग**

जिला कैट का कहना है कि बड़े मल्टी लेवल स्टोर्स की रिटेल बिक्री पर विशेष टैक्स लगाया जाना चाहिए, ताकि छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके और व्यापारिक संतुलन बना रहे। कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा ने कहा, कि च्अगर बजट में स्वदेशी, छोटे व्यापार और स्थानीय बाजार को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना अधूरी रह जाएगी। जिला कैट के संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, संजय लड्ढा, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव ने कहा कि स्थानीय व्यापार मजबूत होगा, तभी रोजगार बचेगा और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। स्वदेशी को अपनाकर ही भारत आत्मनिर्भर बन सकता है। उक्त जानकारी जिला कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### बहला फुसलाकर फिर एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म

**डोंगरगढ़ / बोरतलाव (नांदगांव टाइम्स)।** नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर दो आरोपियों के द्वारा उससे दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित के परिजन प्रार्थी ने 18 जनवरी को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे से उसकी नाबालिक बेटी घर पर नहीं थी जिसकी आस पास रिश्तेदारों में पता किया तो पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर कहीं ले गया है। जिसके बाद रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था और मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देश पर एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में गुम नाबालिक के पता तलाश के लिए टीम रवाना किया गया जिसमें पीड़िता को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में आर्यन डकहा से रात्रि में बरामद किया गया पीड़िता से पूछताछ करने पर बताया गया कि दुर्ग के भूषण साहू से सोशल मीडिया के माध्यम से परिचय हुआ जो 12 जनवरी को डोंगरगढ़ में मुलाकात करने बुलाया था और दुष्कर्म कर दुर्ग स्टेशन में छोड़ दिया गया था। कुछ दिन दुर्ग स्टेशन में रही और वापस घर आ रही थी तब 17 जनवरी को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में आर्यन डकहा मिला जो उसे बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं पर्याप्त सबूत पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, एएस आई गोकुल सोनकर आरक्षक नितिन यादव, गौतम सिंह गोवर्धन कंवर एवं थाना डोंगरगढ़ से म आर नेहा बंजारे का सराहनीय योगदान रहा।




CMYK

nandgaon times jan-21-3.qxd 1/21/2026 12:01 AM Page 3



# क्रिकेट का जुनून लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा

## सुपर ओवर में हुआ फैसला, 25 जनवरी को होगा भव्य फाइनल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में आयोजित सांसद कप वार्ड स्तरीय फ्लड लाइट रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक और सबसे रोमांचक पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। हर दिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा, खिलाड़ियों का जुनून और दर्शकों की भारी भीड़ इस आयोजन को ऐतिहासिक बना रही है।

**19 जनवरी को सुपर ओवर से लेकर देर रात तक रोमांच**

19 जनवरी 2026 को खेले गए मुकाबलों में पहले ही मैच में सुपर ओवर ने दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंचा दिया। फ्लड लाइट की रोशनी में देर रात तक क्रिकेट का जुनून लोगों के सिर चढ़कर बोलता रहा।

**19 जनवरी 2026 : मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार हैं --**

वार्ड 14 बनाम 11 — विजेता: वार्ड 11 (सुपर ओवर से)
वार्ड 02 बनाम 26 — विजेता: वार्ड 02 (24 रन से)
वार्ड 07 बनाम 47 — विजेता: वार्ड 07 (10 रन से)
वार्ड 04 बनाम 13 — विजेता: वार्ड 13 (15 रन से)
वार्ड 18 बनाम 37 — विजेता: वार्ड 37 (42 रन से), मैच के अंपायर नरेश आहूजा, चेतन मिश्रा, राहुल एवम् पुरन थे तथा स्कोरर यश ठाकुर है, वहीं कमेंट्री में विमल एवं पिंटू की आवाज लोगों को लुभा रही।



**पत्रकार और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी**

मुकाबलों के दौरान पत्रकार जगत से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे (नांदगांव टाइम्स), लक्ष्मण लोहिया (हाईवे चैनल), दीपांकर खोबरागड़े (देशबंधु) उपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण भाजपा नेता विवेक साहू, सावन वर्मा, देवसरन सेन, शिव वर्मा शरद सिन्हा एवं दिनु गुप्ता भी विशेष रूप से शामिल हुए।

**बढ़ती भीड़, बढ़ता उत्साह**

जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है, अपने-अपने वार्ड की टीम को समर्थन देने वार्डवासियों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ रही है। देर रात तक दर्शकों की मौजूदगी ने सांसद कप को जन-जन का उत्सव बना दिया है।

**भव्य फाइनल मुकाबला 25 जनवरी को**

सांसद कप क्रिकेट स्पर्धा का फाइनल मुकाबला दिनांक 25 जनवरी 2026 को खेला जाएगा। प्रभारी हरीश शर्मा अतुल रायजादा ने बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। फाइनल मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजन प्रभारी अरविंद बैद, मुकेश शर्मा, हकीम खान एवं रमेश सोनवानी ने बताया कि सांसद कप क्रिकेट स्पर्धा युवाओं को खेल, अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच से जोड़ते हुए समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है।

**आगामी मैच कार्यक्रम***

सांसद कप रात्रिकालीन क्रिकेट 21 जनवरी 2026

(1) वार्ड नम्बर 6 विरुद्ध वार्ड नम्बर 8 संध्या समय :- 5.300 बजे से (2) वार्ड नम्बर 12 विरुद्ध वार्ड नम्बर 29 संध्या समय :- 6.30 बजे से (3) वार्ड नम्बर 36 विरुद्ध वार्ड नम्बर 25 रात्रि समय :- 7.30 बजे से (4) वार्ड नम्बर 3 विरुद्ध वार्ड नम्बर 32 रात्रि समय :- 8.30 बजे।

## ज्ञान मंथन

*1) रीसेट प्रोग्राम किस मंत्रालय की पहल है?*
*2) सॉरानामक-द्ब वीडियो जनरेशन मॉडल किस संगठन ने लॉन्च किया है?*
*3) 2018-19 में बांस की खेती के लिए शुरू की गई केंद्रीय प्रायोजित योजना का नाम क्या है?*
*4) हाल ही में अपने 60वें अंडे देने वाले दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात जंगली पक्षी का नाम क्या है?*
*5) डिमुथ करुणारत्ने, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस देश से संबंधित हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) युवा मामले और खेल मंत्रालय (2) ओपनएआई (3) राष्ट्रीय बांस मिशन (4) लेसन अल्बाट्रॉस (5) श्रीलंका

## कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे हरी झण्डी दिखालकर



बालोद टेक्नोफेस्ट के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु लेने जाने वाले बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा छात्र-छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बालोद टेक्नोफेस्ट में भाग लेने वाले जिले के कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्र-छात्राएं आज इस्पात नगरी भिलाई में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विश्वविद्यालय, भिलाई स्टील प्लांट के मैत्री गार्डन का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, ए.पी.सी. समग्र शिक्षा सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं शिक्षक-शिक्षिकागण उपस्थित थे।

## युवा बैंडमिंटन खेल को करियर में अपनाएं: कुलबीर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** युवा बैडमिंटन क्लब टेड़ेसरा द्वारा



17 व 18 जनवरी को नाइट प्रो बैंडमिंटन लिंग 2026 खेल का आयोजन किया गया। स्पर्धा में अंचल के प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का समापन 18 जनवरी को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शिरकत कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और विजेता टीम को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से वरिष्ठ कांग्रेसी श्री छाबड़ा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं, खिलाड़ी पूरे जोश व होश के साथ अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। बैंडमिंटन खेल को करियर के रूप में अपनाते हुए बेहतर प्रदर्शन करने और आगे बढ़ने का सशक्त माध्यम है। इस तरह के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से 20 टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने की केंद्र व राज्य की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

## कलेक्टर ने पीएम आवास, जनमन योजना और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज समय सीमा की बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में पीएम आवास निर्माण, जनमन योजना के तहत निर्माण कार्यों की स्थिति, अपार आईडी निर्माण, जल जीवन मिशन सहित जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने, नियमित निगरानी रखने और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी



भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले में चार चरणों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका दूसरा चरण 19 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 26 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को जिला मुख्यालय, सभी ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा स्कूल-कॉलेजों में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद बड़े पैमाने पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूलों में बैंड के माध्यम से वंदे मातरम् से जुड़े संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड सहित छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी। कलेक्टर वर्मा ने इन सभी कार्यक्रमों के लिए समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## जिले के किसान श्री संतोष रात्रे ने सहजता से बेचा धान, बढ़ी आमदनी

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** कबीरधाम जिले में इस वर्ष धान



खरीदी का काम आसान और व्यवस्थित तरीके से चल रहा है। इसका फायदा सीधे किसानों को मिल रहा है। जिले के ग्राम लिमो निवासी किसान संतोष कुमार रात्रे ने कवर्धा स्थित धान खरीदी केंद्र में बिना किसी परेशानी के अपना धान बेचा। श्री संतोष रात्रे के पास लगभग 3.80 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने इस साल धान की खेती की थी। वे बताते हैं कि इस बार समय पर खाद और बीज मिलने से खेती अच्छी हुई और फसल भी बेहतर निकली। उनका कहना है कि अब धान की खेती पहले की तुलना में ज्यादा लाभकारी हो गई है, क्योंकि जरूरी सामग्री आसानी से मिल जाती है। इस वर्ष श्री संतोष रात्रे ने 78.20 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में बेचा। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में टोकन की व्यवस्था बहुत आसान है। उन्होंने ऑफलाइन यानी सीधे खरीदी केंद्र में जाकर टोकन लिया और तय समय पर अपना धान बेच दिया। खरीदी केंद्र में अब सभी सुविधाएं मिल रही हैं। बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बैठने की व्यवस्था, टोकन और माइक्रो एटीएम जैसी सुविधाओं से धान बेचने में कोई दिक्कत नहीं होती।

# भाजपा शहर मंडल द्वारा आज नितिन नवीन जी के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मनाया उत्सव



**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** आज नितिन नवीन जी की घोषणा होने के बाद अटल परिसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर आतिशबाजी और मिठाइयां बांटकर नियुक्ति पर खुशीया मनाई महिला मोर्चा की बहनों ने ढोल की थाप पर नृत्य कर खुशी का इजहार किया तत्पश्चात शहर के प्रमुख मार्ग में रैली निकालकर लोगों को मिठाईयां खिलाई सभी प्रमुख नेताओं ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया कहा कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में एक नई ऊर्जा के साथ काम करेगी और छत्तीसगढ़ के लिए और गौरव का विषय है कि जिनके नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा,लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता छत्तीसगढ़ के प्रभारी है और उनका बनना हम सबके लिए सुखद अवसर है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री यशवंत जैन जी भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख जी पूर्व प्रदेश मंत्री श्री राकेश यादव जी पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्णकांत पवार जी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा भाजपा जिला पदाधिकारी राकेश यादव भुनेश्वरी ठाकुर,निशा योगी,कमल पनपलिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अकबर तिगाला, मंडल के महामंत्री नरेंद्र सोनवानी हितेश्वरी कौशिक, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर खान,वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश श्रीवास्तव,सुरेश निर्मलकर सहित भाजपा के मंडल पदाधिकारी एवं मंडल में निवासरत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबागढ़ चौकी के मड़ई मेले में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**अंबागढ़ चौकी/मोहला-मानपुर (नांदगांव टाइम्स।** क्षेत्र के ग्राम अरजकुंड में 15 जनवरी को आयोजित मड़ई मेले के दौरान एक युवक पर चाकू से हुए जानलेवा हमले के मामले में अंबागढ़ चौकी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल तीन बालिग और एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

**बिना सूचना आयोजित हो रहा था मेला, पुलिस ने जताई चिंता आयोजकों और पंचायतों को दी सख्त हिदायत**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार (15 जनवरी 2026) को ग्राम अरजकुंड में मड़ई मेले का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान ग्राम हिददड़ निवासी एक युवक के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए युवक पर चाकू, हाथ और मुक्कों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरत को देखते हुवे थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर ने एक विशेष टीम गठित की। टीम ने मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी जयंत विश्वकर्मा (18 वर्ष), निवासी ग्राम कौड़ीकसा। जावेद विश्वकर्मा (18 वर्ष), निवासी ग्राम कौड़ीकसा। गोपाल सिंह, पिता हरेंद्र सिंह, निवासी गोपलिनचुवा। एक विधि से संघर्षरत बालक (किशोर)। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 118(1), 118(2), 351(2), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। किशोर आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जबकि अन्य तीन को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इस घटना के पीछे मेले की पूर्व सूचना न दिए जाने को एक बड़ा कारण बताया है। पुलिस का कहना है कि आयोजन की जानकारी थाने में नहीं होने के कारण वहां सुरक्षा बल तैनात नहीं किया जा सका था। पुलिस प्रशासन ने आम जनता और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि मड़ई-मेला या किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन से पहले न्यायालय की गाइडलाइन का पालन करें और पुलिस को समय पर सूचित करें, ताकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा सकें और ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## धर्म समाचार....

# माघ पूर्णिमा पर रवि पुष्य योग का दुर्लभ संयोग, नोट करें स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व




वैदिक पंचांग के अनुसार, रविवार 01 फरवरी को माघ पूर्णिमा है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं। इसके बाद भक्ति भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। पूर्णिमा तिथि पर सत्यनारायण पूजा का भी विधान है। ज्योतिषियों की मानें तो माघ पूर्णिमा के दिन रवि पुष्य योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक को अमोघ और अक्षय फल की प्राप्ति होती है। आइए, माघ पूर्णिमा पर बनने वाले शुभ योग के बारे में जानते हैं- वैदिक पंचांग के अनुसार, 1 फरवरी को माघ पूर्णिमा है। माघ पूर्णिमा की शुरुआत 1 फरवरी को सुबह 05 बजकर 52 मिनट पर होगी और 2 फरवरी को सुबह 03 बजकर 38 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय होने के बाद तिथि की गणना की जाती है। इस प्रकार 2 फरवरी को माघ पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन चंद्रोदय शाम 06 बजकर 02 मिनट पर होगा। ज्योतिषियों की मानें तो माघ पूर्णिमा पर एक साथ कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इनमें रवि पुष्य योग का संयोग सुबह 07 बजकर 10 मिनट से लेकर रात 11 बजकर 58 मिनट पर होगा। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग है। इसके साथ ही माघ पूर्णिमा पर प्रीति और आयुष्मान योग का भी संयोग है। इन योग में गंगा स्नान कर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और शांति आएगी। साधक माघ पूर्णिमा के दिन प्रात: काल में उठें। इस समय लक्ष्मी नारायण जी को प्रणाम करें और उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। अब घर की साफ-सफाई करें। नित्य कार्यों से निवृत्त होने के बाद सुविधा होने पर गंगा स्नान करें। असुविधा होने पर गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अब आचमन कर पीले कपड़े पहनें और सूर्य देव को जल दें। इसके बाद पंचोपचार कर विधिपूर्वक लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। इस समय सत्यनारायण जी की व्रत कथा का पाठ करें। पूजा के अंत में आरती करें। पूर्णिमा तिथि पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने सभी संकटों से मुक्ति मिलती है।



## क्यों नर्मदा के दर्शन मात्र से मिल जाता है मोक्ष? जानें इस साल की शुभ तिथि और धार्मिक महत्व

हर साल माघ माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर नर्मदा जयंती मनाई जाती है। यह दिन मां नर्मदा को




समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में साधक नर्मदा समेत उनकी सहायक नदियों में स्नान-ध्यान कर पूजा, जप-तप और दान-पुण्य करते हैं। इसके साथ ही नर्मदा जयंती पर परिक्रमा यात्रा का समापन भी होता है। इस मौके पर भगवान ओंकारेश्वर का अभिषेक करते हैं। धार्मिक मत है कि नर्मदा नदी में स्नान करने से न केवल शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है, बल्कि पापों से भी मुक्ति मिलती है। नर्मदा जयंती के मौके पर देश-दुनिया से श्रद्धालु स्नान के लिए अमरकंटक पहुंचते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# रेवाडिह वार्ड की पावनी कोडापे का चयन एन बी ए की आल स्टार टीम में




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पावनी की मॉं घरों में काम करती है और पिताजी ड्रायवर है। वे कुल छः बहने है उनमें चार अभी बास्केटबॉल खेलती है। पावनी के अतिरिक्त अन्य दो बहने अंजली कोडापे और अदिति कोडापे ने भी नेशनल लेवल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता है और सिंगापुर में आयोजित एन बी ए राइजिंग स्टार इन्विटेशनल इंटरनेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया है। कहते है छत्तीसगढ़ में प्रतिभाशाली खिलाडियों की कमी नहीं है बस उन्हें तलाशने और तराशने की जरूरत है ।यह काम अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल द्वय कालवा राजेश्वर राव एवं उनकी पत्नी कालवा राधा राव ने किया । इन दोनों के प्रयासों से छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं वनांचल के कई खिलाडियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया और पदक भी जीते है। इन्हीं क्षेत्रों के इनके द्वारा प्रशिक्षित कई खिलाडी शासकीय नौकरियों में भी है। उन्होंने शासकीय रेवाडिह वार्ड में बास्केटबॉल कोर्ट बनवाकर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्रायमरी स्कूल रेवाडिह के बालक बालिकाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण देना शुरू किया । साथ ही साथ वार्ड व आसपास के वार्डो के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खोजकर उन्हें तराशने का कार्य प्रारंभ किया उसी का नतीजा है कि आज इन मैदानों और यहां प्रेक्टीस करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होने लगी। ट्रायबल वार्ड रेवाडिह की ट्रायबल टेलेंट कोडापे परिवार की एक अन्य बहन पावनी कोडापे ने प्रयागराज में दिनांक 11- 15 जनवरी तक आयोजित ए सी जी जुनियर एन बी ए 333 बास्केटबॉल नेशनल सिटी लीग में डी पी एस राजनांदगांव की ब टीम का प्रतिनिधित्व किया। उनकी टीम प्रि क्वार्टर फाइनल में परास्त हो गयी परंतु उनके एककी प्रयासों से उनका चयन एन बी ए की आल स्टार टीम में हुआ है यह टीम फरवरी में दिल्ली में आयोजित ए सी जी जुनियर एन बी ए 333 नेशनल फायनल में भाग लेगी। उल्लेखनीय है कि इसी प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका अ टीम ने रजत पदक जीतकर पूरी टीम नेशनल फायनल के लिए क्वालिफाई कर गई है।

इसके अतिरिक्त पावनी कोडापे ने कटक में 25-26 में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता एवं महेंद्रगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया पावनी ने राजनांदगांव एवं शहडोल में आयोजित सब जुनियर स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। पावनी कोडापे शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेवाडिह में अध्ययनरत थी। पावनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए उसे दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने अपने एडमिशन दिया । पावनी अपनी और अपनी बहनों की उपलब्धियों का संपूर्ण श्रैय अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव

# कांग्रेस नेता मजदूरों के साथ उतरे कार्य स्थल पर, खुद चलाया फावड़ा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम ढोढ़िया और लिटिया में मनरेगा मजदूरों के बीच पहुंचकर कार्यस्थल पर संवाद किया। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और कांग्रेसजनों ने मजदूरों के साथ खुद फावड़ा चलाया, मिट्टी ढोकर फेंकी और श्रम कर मजदूरों का हाथ बंटाया। कार्यस्थल पर मौजूद मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने उनकी समस्याएं सुनीं और जमीनी हकीकत को करीब से समझा। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने मजदूरों से चर्चा करते हुए मनरेगा अधिनियम के तहत मिलने वाले अधिकारों, रोजगार की गारंटी और योजनागत ढांचे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों की आजीविका और सम्मान से जुड़ा कानून है।जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के अधिकारों में कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रोजगार के दिन घटाना, मजदूरी भुगतान में देरी और योजनाओं को कमजोर करना सीधे-सीधे गरीबों पर हमला है। मजदूरों को ~?यूनतम 400 रुपये की मजदूरी मिलनी चाहिए, जबकि नई योजना में सरकार यह अधिकार भी छीन रही है। कांग्रेस मनरेगा को कमजोर करने के हर प्रयास के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के माध्यम से गांव-गांव जाकर मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर राजनांदगांव ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, ढोढ़िया सरपंच दिल्लू साहू और लिटिया सरपंच गोपीचंद गायकवाड़, वीरेंद्र चंद्राकर, हेमंत बंजारे, नीलम वर्मा, बीसेदास मारकंडे, जुगरु मंडले, किशन वर्मा, तिरथ पटेल, नीलम यादव, केजु साहू, मंगलू साहू, लिखन साहू, मेघनाथ साहू, डेरहा निषाद, देशु विश ?वकर्मा परस साहू, महेश दिवाकर उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को मजदूर हित में जरूरी बताते हुए इसे आगे बढ़ाने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और मजदूरों के हक की इस लड़ाई में कांग्रेस पूरी ताकत से खड़ी रहेगी।

## टंकी सफाई , आज शाम लखोली, कन्हारपुरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा टंकी सफाई करने की कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत लखोली (कन्हारपुरी) टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण लखोली (कन्हारपुरी) (क्षमता 10.00 लाख लीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से लखोली (कन्हारपुरी) टंकी से कल दिनांक 21 जनवरी 2026 दिन बुधवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 22 जनवरी गुरूवार से पानी सप्लाई सथावत रहेगी। पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में कल दिनांक 21 जनवरी बुधवार को लखोली (कन्हारपुरी) टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि लखोली (कन्हारपुरी) टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र लखोली, संतोषी नगर, चक्कीपारा, दुर्गाचौक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया में कल 21 जनवरी बुधवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 22 जनवरी गुरूवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

## शराब कोचियों के विरूद्ध चौकी मोहारा पुलिस की कार्यवाही

**डोंगरगढ़/ मोहारा ( नांदगांव टाइम्स )।** अवैध शराब बिक्री के रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जय वीरा ढाबा से आरोपी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में चौकी मोहारा पुलिस के हाथ सफलता लगी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे चौकी प्रभारी मोहारा के नेतृत्व में मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी को जय वीरा ढाबा से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने पर आरोपी चैतराम उर्फ गब्बर कुर्रे पिता सुखालू उम्र 56 साल निवासी ग्राम लखागढ़ थाना पिथौरा जिला महासमुंद हाल पता जय वीरा ढाबा भंडारपुर जिला राजनांदगांव के पास से 21पौवा देशी शोले प्लेन शराब एवं 09 पौवा जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब एवं 4 पौवा सिंडिकेट व्हिस्की कुल मात्रा 6.12 बल्क लीटर कीमती लगभग 3240 रूपये जप्त कर एवं अवैध शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है ।उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे चौकी प्रभारी मोहारा , स उ नि सुमन कर्ष, प्रधान आर.महादेव साहू, आरक्षक मनी ठाकुर, विनोद वर्मा , मनोज वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU

# ऑपरेशन अमानत के तहत रेलवे सुरक्षा बल राजनांदगांव ने दो गुम मोबाइल सही सलामत लौटाए



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर श्री दीप चंद्र आर्य के निर्देशन एवं रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर तरुणा साहू के कुशल नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा च्ऑपरेशन अमानतज्ज् के अंतर्गत सराहनीय कार्य करते हुए दो खोए हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान स.उप.नि. मीनू कुमार एवं प्रधान आरक्षक एस.के. मिश्रा द्वारा स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म क्षेत्र में दक्षिण साइड बुकिंग काउंटर, टिकट विंडो के पास अलग-अलग समय पर दो लावारिस मोबाइल फोन बरामद किए गए। आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी मोबाइल पर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद दोनों मोबाइलों को विधिवत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव लाकर टी.ए. ड्यूटी चार्ज में सुरक्षित रखा गया। कुछ समय बाद मोबाइल पर कॉल आने के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि पहला मोबाइल कु. पार्वती यादव, पिता मुरली यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का है। आवश्यक सत्यापन के उपरांत उक्त मोबाइल (अनुमानित कीमत ?8000/-) उन्हें सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया। इसी प्रकार दूसरा मोबाइल कु. तामेश्वरी, पिता चुन्नू लाल यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी बरगांव, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का पाया गया। विधिवत सत्यापन एवं पैटर्न लॉक खुलवाने के पश्चात उक्त मोबाइल (अनुमानित कीमत ?9000/-) उन्हें भी सही-सलामत सुपुर्द किया गया। दोनों मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत ?17,000/- आंकी गई है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा की गई इस ईमानदार और त्वरित कार्रवाई से यात्रियों में आर.पी.एफ के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है। यात्रियों ने इस सराहनीय पहल के लिए रेलवे सुरक्षा बल का आभार व्यक्त किया।

# चरित्र शंका के चलते पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला, लालबाग पुलिस ने आरोपी पति को भेजा जेल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स।** जिले के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत चरित्र शंका के चलते अपनी ही पत्नी पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी अपनी पत्नी का पीछा करते हुए रेवाडीह पहुंचा था, जहां उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 15 जनवरी को वह किसी निजी कार्य से रेवाडीह आई थी। इसी दौरान उसका पति मनोज कुमार देवांगन (45 वर्ष), निवासी ग्राम बोरी (मूल निवासी डोगरगढ़), उसका पीछा करते हुए वहां आ धमका। आरोपी ने पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए यहाँ कहां घूम रही हो कहकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर उसने अपने पास रखे चाकू से पत्नी पर वार कर दिया, जिससे पीड़िता के गले और हाथ में चोटें आई हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी शुरू की। पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार देवांगन को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जब्त कर लिया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 118(1), 351(2) के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25 व 27 जोड़ी गई है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## स्टेट स्कूल की छात्राओं का नेशनल प्रतियोगिता फुटबाल के लिए चयन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्टेट स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा जो कि सिनियर ग्रुप में फुटबाल में नेशनल प्रतियोगिता के लिए निहारिका बोरकर एवं दीपाली साहू का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता मणिपुर-ईम्फॉल में 23/01/2026 से 27/01/2026 तक खेली जायेगी,दीपाली साहू लगातार तीन वर्षो से नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। प्रतियोगिता में चयन होने पर स्टेट सकूल के प्राचार्य श्री माधो सिंग सर एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित कि है। यह जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायम शिक्षक श्री सुनील नागदौने के द्वारा दी गई है।

# भगवान की हर इच्छा को हम अपनी इच्छा समझें तो हम सुखी होंगे - बृजेश्वरी देवी

## अनुपम नगर में श्री राम कथा के दूसरे दिन मां पार्वती एवं श्री राम का जन्मदिन मना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रख्यात मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने आज यहां कहा कि होनी को कोई नहीं टाल सकता और होता वही है जो वे (भगवन)चाहते हैं। उनकी इच्छा में हम अलग से अपनी इच्छा जोड़ लेते हैं तो हम दुखी हो जाते हैं, इसलिए उनकी हर इच्छा को हम अपनी इच्छा समझें तो हम कभी दुखी नहीं होंगे। मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने अनुपम नगर स्थित अनुपम वाटिका अयोध्या धाम में आदर्श महिला मंडल द्वारा आयोजित श्री राम कथा के दूसरे दिन मां पार्वती और श्री राम के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। बृजेश्वरी देवी ने कहा कि मां पार्वती का जन्म हिमालय राज के यहां मैना के गर्भ से हुआ था। उन्होंने कहा कि मैं का अर्थ होता है अहंकार और ना का अर्थ होता है नहीं अर्थात जिसमें कोई अहंकार ना हो। उन्होंने कहा कि माता सती राम को परमात्मा के रूप में स्वीकार नहीं कर पाई थी किन्तु मां पार्वती के रूप में उन्हें भगवान श्री राम को परमात्मा के रूप में स्वीकार करना पड़ा। बृजेश्वरी देवी ने कहा कि जिस घर में बुलाने पर संत आए तो यह भाग्य होता है और यदि बिना बुलाए कोई महात्मा आ जाए तो यह सौभाग्य होता है । उन्होंने कहा की समस्याएं आती तो उसका निवारण भी होता है ।उन्होंने कहा कि सामर्थ्यवान का कोई दोष नहीं होता। सूर्य, अग्नि को कोई दोष नहीं लगता। इसी तरह गंगा भी पवित्र है और उसे कोई दोष नहीं लगता । उन्होंने कहा कि मां पार्वती ने शिव के चरण को अपने हृदय में बसा कर तपस्या की थी तब उन्होंने शिव जैसे वर को प्राप्त किया था । इसी तरह कन्याओं को भी शिव की पूजा करनी चाहिए ताकि उन्हें अच्छा वर मिल सके। आज की कथा में श्रीमती रंजना अग्रवाल , श्रीमती अर्पिता मिश्रा ,श्रीमती सीमा पांडे ,श्रीमती मोहिनी शुक्ला, अभिलाष ठाकुर एवं शीला गुप्ता सहित आदर्श महिला मंडल की सभी सदस्यों ने व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली और सुमधुर संगीत के साथ डांस भी किया। आज की कथा में महाप्रसाद झंकार महिला मंडल के द्वारा चढ़ाया गया और इस कार्य में अनीता लोहिया ,श्रीमती संतोष अग्रवाल श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता और समस्त झंकार मंडल की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com